**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 22-12-2005**

**Participants : Bhadana Shri Avtar Singh**

>

Title : Regarding need to regulate the functioning of private schools with a view to check exploitation of parents.

**श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद)** : महोदय, मैं आपका ध्यान देश में निजी विद्यालयों की मनमानी तथा उनके द्वारा धन इकट्ठा करने के लिए अपनाए जा रहे हर प्रकार के हथकंडों के प्रयोग की ओर दिलाना चाहता हूँ। इन विद्यालयों ने शिक्षा को धनोपार्जन का एक सरल माध्यम बना लिया है। बच्चों को भारत दर्शन भ्रमण कराने के लिए अभिभावकों पर दबाव डालकर अच्छी रकम वसूल की जाती है और बच्चों को दूर-दूर के इलाकों के भ्रमण पर ले जाया जाता है।

भ्रमण के दौरान छात्रों को समुद्र में नहाने व अन्य खतरनाक स्थानों पर ले जाया जाता है, जहां अक्सर उनकी जानमाल की रक्षा की उचित व्यवस्था न होने पर बच्चों की मृत्यु तक हो जाती है। देश के अंदर ऐसे कई ज्वलन्त उदाहरण हमारे सामने आए हैं जहां मां-बाप पर दबाव डालकर, स्कूल के अनुशासन की दुहाई देकर, बड़ी-बड़ी रकम भ्रमण के नाम पर निजी स्कूलों द्वारा वसूली गयी और बच्चों को समुद्र में नहाने के लिए ले गए। साथ में गार्ड की व्यवस्था न होने पर भी बच्चों को समुद्र में स्नान कराया गया जहां उनकी मृत्यु हो गयी।

मेरी सरकार से मांग है कि जनवरी, 2005 से अब तक हुई ऐसी घटनाओं की जांच कराकर उन्हें दंडित किया जाए तथा इस बारे में सरकार स्पट दिशानिर्देश दे कि जो अभिभावक बच्चों के लिए पैसा देने में असमर्थ हैं और जो न चाहते हों कि उनको इकलौता बेटा बहुत दिन के लिए उनसे दूर हो, उन पर दबाव न डालें और अगर ऐसी शिकायत आती है तो अविलम्ब स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the approved text.

*(Interruptions)* …*